कार्यालय वन संरक्षक, उत्तरी कुमाऊँ वृत्त, उत्तराखंड, अल्मोड़ा।

Email : cfkumaon_north@rediffmail.com , ☎ (05962) 231099 Fax : 230397

पत्रांक -1223 / 12–1 (2) अल्मोड़ा, दिनांक, 20/11/2024.

सेवा में,

प्रभागीय वनाधिकारी,
पिथौरागढ़ वन प्रभाग, पिथौरागढ़।

विषय :– जनपद पिथौरागढ़ के अन्तर्गत माट मसोली मोटर मार्ग का संगट्टा तक विस्तार कार्य हेतु 0.945 है0 वन भूमि वानिकी कार्यों हेतु ग्राम्य विकास विभाग को प्रत्यावर्तन के सम्बन्ध में।

संदर्भ :– आपका पत्रांक 2132 / 12–1 (2) दिनांक 25.10.2024

महोदय,

उपरोक्त विषयगत संदर्भित पत्र के क्रम में अवगत कराना है कि आपके द्वारा प्रस्ताव जो इस कार्यालय को प्रेषित किया गया है। प्रस्ताव में तृतीय चरण में रोपण वर्ष के उपरान्त रखरखाव एवं अनुरक्षण कार्य ,वृक्षारोपण क्षेत्र के अन्तर्गत सूखे घास–पूस एवं ज्वलनशील पदार्थ को हटाना, सुरक्षा दीवार के बाहर 4 मी0 पट्टी साफ करना, वृक्षारोपण से लाभान्वित होने वाले ग्रामीणों को अग्निसुरक्षा जागरूकता हेतु प्रशिक्षण तथा अग्नि सुरक्षा में उल्लेखनीय कार्य हेतु व्यक्तियों / समितियों को प्रोहत्सान देने के सम्बन्ध में आपके द्वारा जो प्राक्कलन द्वितीय चरण से दशम चरण तक प्राक्कलन प्रस्तुत किया गया है, जिसमें मानचित्रकार द्वारा ना तो प्राक्कलन को प्रमाणित किया गया है तथा तृतीय चरण से लेकर दशम चरण तक एक ही प्रकार के दरों का उल्लेख किया गया है। यहॉ पर यह भी उल्लेखनीय है कि किसी भी प्रकार के प्राक्कलन को तैयार करने के उपरान्त आगामी वर्षों में न्यूनतम 10 प्रतिशत की धनराशि को बढ़ाया जाना अनिवार्य है।

आपको निर्देशित किया जाता है कि भविष्य में प्रेषित किये जाने वाले प्रस्तावों का भली–भांति अवलोकन करने के उपरान्त ही प्रस्ताव को इस कार्यालय में प्रेषित करना सुनिश्चित करें, ताकि प्रकरणों को ससमय उच्च स्तर को प्रेषित किया जा सके।

अतः उक्त मोटर मार्ग प्रस्ताव की प्रत्यावर्तन प्रति मूल में आपको लौटाया जा रहा है।

संलग्न– मूल पत्रावली। (चार प्रतियॉं)

भवदीय

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी
उत्तरी कुमाऊॅ वृत्त,
उत्तराखण्ड,अल्मोड़ा

(डॉ धीरज पाण्डेय)
मुख्य वन संरक्षक / वन संरक्षक,
उत्तरी कुमाऊँ वृत्त, उत्तराखण्ड, अल्मोड़ा।